# नोटिस के पहले कालोनाइजर ने खुद ही तुड़वा दी सड़क

## इंदौर फोरलेन स्थित मांगरोल फंटे पर काटेज कालोनी में करीब 60 बीघा में बेचे थे बड़े प्लाट

**रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** इंदौर फोरलेन के मांगरोल फंटे पर करीब 60 बीघा जमीन पर काटी गई काटेज कालोनी में बनी सीमेंटेड सड़क रविवार को कालोनाइजर ने खुद ही उखड़वा दी। कालोनाइजर को प्रशासन से कोई नोटिस नहीं मिला था, लेकिन अपने स्तर ही करीब 700 मीटर लंबी सड़क तुड़वा दी। इससे पहले गोशाला रोड स्थित कालोनी के लिए बनी पुलिया भी कालोनाइजर ने स्वयं ही तुड़वा दी थी।

मालूम हो कि खेती की जमीन पर 5500 वर्गफीट व उससे अधिक क्षेत्रफल की भूमि को बड़े प्लाटों में सीमेंटेड सड़क बनाकर बेचा जा रहा है। प्रशासन ने ऐसी तीन कालोनियों में कार्रवाई की है। मांगरोल फंटे पर कालोनी की भूमि खरीदने वालों ने सीमेंटेड सड़क बनाने के बाद मूल स्वामी से सीधे रजिस्ट्री करवा दी। इसमें भी चार-पांच लोग शामिल हैं। इसके चलते निवेश कर मुनाफा कमाने वाले असल लोग दस्तावेजों में सामने नहीं आ पाए हैं। शहर के एक प्रमुख हुंडी दलाल की भी इसमें खासी भूमिका है। बताया जाता है कि कार्रवाई से बचने के लिए कालोनाइजरों ने पहले डायवर्जन कराया और रविवार को सड़क तुड़वा दी।



काटेज कालोनी में बनी सड़क जेसीबी की मदद से तुड़वा दी गई। •नईदुनिया



काटेज कालोनी में बनी सीसी रोड कालोनाइजर ने ही तुड़वा दी। •नईदुनिया

**शहर से लगे सभी गांवों में काटेज कालोनी :** शहर से लगे गांवों में भूमि महंगी होने से वहां कालोनाइजरों ने ग्राम पंचायतों से अनुमति लेकर ग्रामीण स्तर पर मिलने वाली छूट का फायदा उठा हुए काटेज कालोनियां विकसित कर हैं। करमदी रोड, कनेरी रोड, डेलनपु धामनोद, नंदलई, बंजली बायपा सेजावता, मांगरोल, ईटावा माता मार्ग, खाचरौद मार्ग पर कई जगह तरह की कालोनियों में एक-एक बी के बड़े भूखंड बेचकर सीमेंटेड सड़ सीवरेज, बिजली पोल भी लगाए ग दस्तावेजों में ये भूमियां अभी भी कृ आशय की ही है।

### निगम ने एफआइआर दर्ज करवाई, गिरफ्तारी बाकी

शहर में अवैध कालोनियों को ले की गई कार्रवाई में नगर निगम द्व अलग-अलग थानों पर 15 लो के खिलाफ एफआइआर करव है। इसके बाद पुलिस ने जांच में कु अन्य नाम भी जोड़े हैं। कुछ आरो कालोनाइजरों ने अग्रिम जमानत के लि न्यायालय की शरण भी, लेकिन रा नहीं मिली। पुलिस सभी मामलों में ज कर रही है, लेकिन अभी तक गिरफ्त नहीं हो पाई है।

नईदुनिया 20/12/21

## दुकान को किया सील, शौचालय भी तोड़ा

# लाइसेंस नहीं, दुकान बंद करवाई



रतलाम. नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने सुभाष नगर में नियम के खिलाफ चल रही एक दुकान को रविवार को जाकर बंद करवाया व क्षेत्र में एक अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध रुप से बनाए शौचालय को तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि इस मामले में सूचना नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को किसी ने मोबाइल पर फोटो बनाकर दी थी।

सुभाष नगर में अमन खटीक द्वारा नियम के खिलाफ जाकर अवैध रुप से बगैर लाइसेंस लिए दुकान का संचालन कर रहा है। इसके अलावा अकबर नाम के व्यक्ति ने अवैध रुप से शौचालय बनाया है व इसके पाइप को नाले में छोड़ दिया है। इससे नाले में प्रतिदिन गंदगी बहकर जा रही है। इस शिकायत के मिलने के बाद आयुक्त झारिया ने पूरे मामले में झोन प्रभारी एपीसिंह व एमके जैन को अवगत कराते हुए तुरंत सख्ती से कार्रवाई करने को कहा। आयुक्त झारिया के निर्देश के बाद दल - बल के साथ निगम अधिकारी सुभाष नगर पहुंचे। जब पहुंचे तो बगैर लाइसेंस के चल रही दुकान को बंद करवाकर इसको सील कर दिया गया। इसके साथ - साथ क्षेत्र में अकबर द्वारा अवैध रुप से शौचालय का निर्माण करके उसका पाइप नाले में छोड़े जाने की सूचना सही पाए जाने पर शौचालय को भी तोड़ दिया गया।

पत्रिका

पत्रिका २०/१२/२१

## मटन की अवैध दुकान सील, शौचालय तोड़ा

रतलाम | नगर निगम अमले ने रविवार को सुभाषनगर क्षेत्र में दो कार्रवाई की। इसमें अवैध रूप से संचालित एक मटन शॉप को सील कर दिया। इसके पहले सारा मटन जब्त किया गया। सुभाषनगर नगर में ही अकबर नामक व्यक्ति द्वारा शौचालय बनाकर उसका पाइप नाले में छोड़ दिया था। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर निगमकर्मियों ने शौचालय को तोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, दरोगा रवि चावरे, विजय मेहना, हिमाचल चावरे मौजूद रहे।

## मास्क नहीं लगाया, 34 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम | कोरोना के नए वैरिएंट के फैलने की आशंका के बावजूद शहरवासी मास्क नहीं लगा रहे। ऐसे ही 34 व्यक्तियों पर रविवार को पकड़ाए। प्रत्येक से 100 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले 22 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन लगाया गया।

भास्कर

दे. भास्कर २०/१२/२१

## सुभाष नगर में अवैध मटन की दुकान सील



सुभाषनगर में दुकान सील करते हुए नगर निगम का अमला। ● नईदुनिया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सुभाष नगर क्षेत्र में अकबर द्वारा किए गए शौचालय निर्माण व उसका पाइप नाले में छोड़ने पर नगर निगम के अमले द्वारा तोड़ा गया। साथ ही क्षेत्र में ही अवैध रूप से संचालित जय मां भवानी मटन शाप से मटन को जब्त कर दुकान को सील किया गया। शौचालय तोड़ने व दुकान सील करने की कार्रवाई प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, दरोगा रवि चावरे, विजय मेहना, हिमाचल चावरे आदि द्वारा की गई।

नईदुनिया २०/१२/२१

कॉलोनियों की खेती : शहर के साथ आसपास के गांवों तक फैला हुआ है भूमाफिया का जाल

# ईटावामाताजी रोड पर बिना अनुमति सीमेंट कांक्रीट कर बेच रहे बड़े प्लॉट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में जमीनों के दाम इंदौर से ज्यादा पहुंचाने वाले भूमाफिया का मायाजाल आसपास के गांवों तक फैला है। रविवार को ईटावामाताजी रोड पर फोरलेन से लगभग एक किमी अंदर ऐसी ही एक अवैध कॉलोनी की जानकारी सरकारी अमले तक पहुंची। इसका फैलाव 10 बीघा से अधिक है, जिसे बिना परमिशन सीसी सड़क बनाकर कथित रूप से कॉलोनी की शक्ल दे दी है।

इतना ही नहीं कॉलोनी एक्ट के नियमों से बचने के लिए कॉलोनी में बड़े आकार के प्लॉट काटकर बेचे जा रहे हैं। इसके पीछे शहर के कॉलोनाइजर का ही हाथ है। सारा खेल धराड़ के जमीन मालिक किसान, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचायत सचिव और पटवारी के साथ मिलकर खेला जा रहा है, जो जानकर अनजान बने हुए हैं। यही वजह है कि महीनों पहले से सीसी की सड़क का निर्माण कर कॉलोनी के नाम पर बेचे जा रहे भूखंडों की भनक अब तक प्रशासन को नहीं लग पाई थी।

## इधर, सरकारी जमीन पर बन रहे मकानों पर चला बुलडोजर



उधर रविवार को सेजावता बापूनगर में राजस्व अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए जा रहे पांच मकानों को बुलडोजर से तोड़ दिया। सरकारी रिकॉर्ड में यह चारागाह भूमि है। कुछ दिनों से इस पर पांच लोगों ने मकान बनाना शुरू कर दिया था। शिकायत मिलने पर जांच करवाई गई तो मामला सही पाया गया। रविवार दोपहर राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ पहुंची। सुगनबाई पति कैलाश व अन्य द्वारा अवैध रूप से बनाए जा रहे मकानों का निर्माण तोड़ दिया। आरआई शुभम तिवारी, पटवारी एलके पाटीदार, मुकेश मरमट सहित औद्योगिक थाने का पुलिस बल भी मौजूद रहा। भास्कर

## जमीन डायवर्शन के दम पर ही शहरवासियों को बेच रहे हैं प्लॉट

राजस्व अमले के अनुसार जमीन मालिकों ने सिर्फ जमीन का डायवर्शन करवाया है। सड़क बनाने की परमिशन है या नहीं यह किसी को नहीं पता। खास बात यह है कि इस अवैध कॉलोनी के अधिकांश प्लॉट शहरवासियों ने खरीद रखे हैं। वह भी सिर्फ एग्रीमेंट पर, अब तक रजिस्ट्री होना शुरू नहीं हुई है। जानकारी लगने के बाद प्रशासन की कॉलोनी सेल हरकत में आ गई है। रिकॉर्ड की पड़ताल करने के बाद जल्द इस कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो जाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम पहले ही साफ कर चुके हैं कि अवैध कॉलोनी और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। शिकायतें मिल रही है, उस आधार पर जांच के बाद कार्रवाई की जा रही है।

दै. भास्कर २०/१२/२१

### कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में धीमी गति पर अप्रसन्नता जाहिर की

# छोटे-छोटे काम हैं, फिर भी समय पर पूरे नहीं कर पा रहे हो

रतलाम ● स्वदेश समाचार

निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा पीआईयू की धीमी गति पर सख्त अप्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री से कहा कि आपके पास छोटे-छोटे कार्य है परंतु वह भी समय सीमा में नहीं कर पा रहे हैं। लंबित सभी कार्य 1 माह में पूर्ण करें।

समीक्षा में बताया गया कि पीआईयू द्वारा बाजना कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है जो जनवरी तक पूरा हो जाएगा। आलोट कॉलेज के 6 कक्ष भी इसी माह पूर्ण कर लिए जाएंगे। गेर्ल्स कॉलेज रतलाम के अतिरिक्त कक्षों, सभागृह का पुनर्निमांण भी पीआईयू कर रहा है। इसके अलावा स्कूलों, स्वास्थ्य संस्थाओं में भी पीआईयू द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने कार्यों की गति तेज करने के निर्देश दिए। विगत बैठकों में कलेक्टर द्वारा पीआईयू के कार्यों की समय सीमा निश्चित की गई थी परंतु इस बार समीक्षा में कलेक्टर द्वारा पाया गया कि पीआईयू द्वारा अपने स्तर से ही कार्यों की समय सीमा और आगे बढ़ा दी गई। इस पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की और कहा कि काम को पूर्व निर्धारित समय पर पूरा करना होगा। इसके लिए टेकेदार की सतत् मॉनिटरिंग करें। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा भी की गई। विभाग द्वारा अधिकांश सड़कों का निर्माण समय सीमा में किया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड द्वारा 6 आंगनवाड़ियों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने 3 महीने में काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा हाउसिंग बोर्ड द्वारा आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में रिनोवेशन कार्य किया जा रहा है। आलोट में बालक छात्रावास का निर्माण कर रहे हैं। कलेक्टर द्वारा जल संसाधन विभाग की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि विभाग की 16 योजनाएं स्वीकृत है जिन पर कार्य किया जाना है। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा सोमवार शाम 4 बजे की जाएगी जिसमें विभाग के एसडीओ सहायक यंत्री और उपयंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

## फौती नामांतरण 15 दिवस में किया जाए

राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि फौती नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 15 दिवस में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए, इसमें जिस अधिकारी के द्वारा देरी बरती जाएगी उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आबादी सर्वे में जावरा तथा पिपलोदा तहसीलों का कार्य पिछड़ा हुआ है इस कार्य में तेजी लाई जाए। एक्सप्रेस-वे निर्माण में जिन किसानों के मुआवजा प्रकरण लंबित है उनका निपटारा सात दिवस में किया जाए। कलेक्टर द्वारा नामांतरण, वसूली, धारणाधिकार, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी इत्यादि योजनाओं कार्यों की समीक्षा की गई। सैलाना तथा नामली में राजस्व प्रकरणों की अत्याधिक लंबित स्थिति के दृष्टिगत कलेक्टर द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सैलाना तहसीलदार एवं नामली नायब तहसीलदार की 2-2 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए।

स्वदेश

स्वदेश 20.12.21




# धोलावाड़ में मौज-मस्ती के लिए पहुंच रहे पर्यटक

रतलाम. इको टूरिज्म पार्कधोलावाड़ में सर्द हवाओं के बीच भी पर्यटक लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं। धोलावाड़ में बोटिंग के साथ ही अन्य गतिविधियों की व्यवस्था भी की गई है। रविवार को कड़कड़ाती सर्दी के बीच कई सारे पर्यटक यहां मौज-मस्ती के लिए परिवार के साथ पहुंचे और यहां आयोजित होने वाली सहासिक गतिविधियों में भाग लेकर छुट्टी के दिन का लुत्फ उठाया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर पहली बार धोलावाड़ में वैली क्रॉसिंग की व्यवस्था की गई है जिसका पर्यटकों द्वारा लुत्फ उठाया जा रहा है। इसके अलावा अन्य गतिविधियां भी की जा रही हैं। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया कि धोलावाड़ इको टूरिज्म पार्क में वर्तमान में एक मोटर बोट उपलब्ध है। साथ ही एक वाटर स्कूटर भी संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा जोरबिंग बाल, बनाना राइड, तीरंदाजी, मंकी क्रॉल तथा साइकलिंग की गतिविधि भी चल रही है। आने वाले दिनों में धोलावाड़ की पर्यटन गतिविधियों में और इजाफा होगा।

पत्रिका २०/१२/२१



## सर्दी से बचाने कई स्थानों पर अलाव जलाये

रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निदेशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, चांदनी चौक, सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाए गए।

नवभारत 20/12/21

## 51 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को 51 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 23790, ट्रेक्टर-ट्राली से 6550, काम्पेक्टर सूखा कचरा 12730, काम्पेक्टर गीला कचरा 8180 कुल 51250 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

चौथा संसार 20/12/21

## 6390 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत रविवार तक 6390 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

चौथा संसार 20/12/21

# संपत्तियां बेचकर 60 से 70 करोड़ जुटाएगा नगर निगम

## सड़क बनाने और विकास कार्यों पर खर्च होगी राशि, 25 सालों से नहीं हो पाया विवादित संपत्तियों का निराकरण

**रतलाम।** नगर निगम स्वामित्व की रिक्त संपत्ति से निगम को अब करीब 70 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है। सबकुछ ठीक रहा और समय पर संपति बिकी तो निगम के पास अच्छी खासी राशि आ जाएगी जिससे अन्य योजनाओं, विकास कार्यों को गति दी जा सकेगी।

शहर में निगम की पहली परिषद में वर्ष 1993-99 के बीच सिविक सेंटर, बस स्टैंड स्थित सुभाषचंद्र बोस काम्प्लेक्स, देवरादेवनारायण नगर योजना में फ्लैट-दुकानों सहित विक्रय के लिए प्लाट विकसित किए गए थे। इसके बाद जमीन के स्वामित्व, आरक्षण व मूल्य को लेकर विवाद सामने आए। शासन को शिकायत हुई वहीं मामला लोकायुक्त, आर्थिक अपराध अन्वेषण विभाग में भी पहुंचा। इससे संपत्तियों को बेचा नहीं जा सका।

लंबी मशक्कत के बाद निगम में वर्ष 2010 से 2014 तक तत्कालीन महापौर शैलेंद्र डागा की परिषद ने विवादित संपत्तियों का निराकरण कराते हुए सिविक सेंटर व सुभाष कांपलेक्स की दुकानों आदि की नीलामी को हरी झंडी दी। वर्ष 2016 में तत्कालीन महापौर डा. सुनीता यार्दे की परिषद से स्वीकृति मिलने के बाद वर्ष 2016 में नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई। सिविक सेंटर के भूखंडों, दुकानों, फ्लैट के लिए लोगों ने रुचि दिखाई, लेकिन प्रक्रिया में धरोहर राशि चेक से लिए जाने के बाद आपत्ति से यहां भी मामला उलझ गया। अब एक बार फिर से सभी विवाद दूर कर संपत्ति बेचने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस बार हर संपत्ति की यूनिक आइडी बनाई जा रही है, जिससे प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं हो।

**इनसे भी मिलेगा राजस्व :** नित्यानंद मार्केट की रिक्त कराई गई छह दुकानें, पांजरा पोल की दो दुकानें, भक्तन की बावड़ी स्थित पुराना नाका भवन व भूमि, महूरोड बस स्टैंड भवन पर मैजेनाइन हाल, दुकान, भवन की छत की नीलामी से भी पांच करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद जताई गई है।

**सड़कों के लिए 54 करोड़ रुपये की जरूरत :** शहर में सीवेरेज, पेयजल पाइपलाइन के लिए खोदाई से सड़कें खराब हो चुकी हैं। बारिश ने रही सही कसर पूर कर दी। नगर निगम ने मरम्मत शुरू की है, लेकिन प्रमुख मार्गों को नए सिरे से बनाने, फोरलेन में तब्दील करने के लिए प्रारंभिक तौर पर 54 करोड़ रुपये का खर्च आंका गया है।

महाराणा प्रताप चौराहा सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टाकीज, पावर हाउस रोड से शास्त्री नगर मार्ग को फोरलेन करने व जवाहर नगर अंबे माता चौक से डाट की पुल तक सड़क निर्माण पर ही 18.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ऐसे में समय पर संपत्ति नीलामी हो जाती है तो सड़कों के साथ ही अन्य विकास कार्यों को भी गति मिल जाएगी। नई.

### शहर की इन प्रमुख संपत्तियों से नगर निगम को आय की उम्मीद

#### सुभाष काम्प्लेक्स



सुभाष काम्प्लेक्स की दुकानों में रंगरोगन कर शटर आदि भी ठीक कराए गए है। • नईदुनिया

वर्ष 1999 में बने इस कांपलेक्स में 99 दुकानें विक्रय की जाना है। एक दुकान की कीमत 32 से 35 लाख के बीच है। दुकानों को बेचने से 30 करोड़ रुपये से अधिक की आय संभावित मान रहा है। हालांकि बेसमेंट व अंदर के हिस्से में भी कीमत समान होने से क्रेता मुख्य मार्ग व बाहरी परिसर की दुकानों में ही रुचि ले रहे है।

#### सिविक सेंटर



सिविक सेंटर में फ्लैट, आफिस चेंबर व भूखंड बेचे जाएंगे। • नईदुनिया

यहां भूखंडों की नीलामी से ही 20 करोड़ रुपये की आय संभावित है। इसके अतिरिक्त आफिस चैंबर, फ्लैट आदि से भी 11 करोड़ रुपये की आय हो सकती है। विक्रय योग्य भूखंड 21 व फ्लैट आदि 235 है। कुछ मामले कोर्ट में है। 2016 में भूखंडों के लिए बोली लगाई थी, लेकिन धरोहर राशि चेक से लेने के कारण प्रक्रिया निरस्त हो गई।

#### रोडवेज आवास भूमि



रोडवेज आवास के लिए दी गई भूमि अब नीलाम की जाएगी। • नईदुनिया

नगर निगम स्वामित्व की करीब 19000 वर्गफीट भूमि पर रोडवेज के आवास बने हुए थे। मप्र सड़क परिवहन निगम समाप्त होने के बाद निगम ने मार्च 2021 में लीज निरस्त की और सभी जर्जर आवास तोड़कर जमीन समतल कर दी है। इस भूमि की बिक्री से निगम को करीब 17 करोड़ रुपये मिल सकते है।

### विकास

- **हर संपति की यूनिक आइडी बनाई जा रही है, ताकि प्रक्रिया में गड़बड़ी न हो**
- **वर्ष 2016 में नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई थी लेकिन मामला उलझ गया था**
- **अब एक बार फिर विवाद दूर कर संपति बेचने की प्रक्रिया शुरू की है**

### गांधी नगर में आज से लगेगा बकाया वसूली शिविर

**रतलाम।** नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 20 दिसंबर से प्रारंभ होंगे। तीन मार्च शिविर लगेंगे। शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्ति कर, जल कर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क व विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक एक, दो, तीन के लिए 20 व 21 दिसंबर तक गांधीनगर उद्यान के पास शिविर लगेगा।

❝ निगम स्वामित्व की विक्रय योग्य संपतियों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की है। सिविक सेंटर स्थित सभी भूखंड, दुकाने, फ्लैट आदि की यूनिक आइडी बनवा रहे है। इस बार की प्रक्रिया में आवंटन लैटर जारी होने के बाद संपूर्ण राशि जमा होते ही अगले ही दिन रजिस्ट्री कराकर कब्जा दिया जा रहा है।
**-सोमनाथ झारिया**, निगमायुक्त

नईदुनिया 20/12/21



# छोटे-छोटे काम हैं फिर भी समय पर पूरे नहीं कर पा रहे हो

## कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने समीक्षा बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी, पीआईयू की धीमी गति पर अप्रसन्नता जाहिर की

रतलाम › कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने शनिवार को निर्माण विभागों की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा पीआईयू की धीमी गति पर सख्त अप्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री से कहा कि आपके पास छोटे-छोटे कार्य हैं परंतु वह भी समय सीमा में नहीं कर पा रहे हैं। लंबित सभी कार्य 1 माह में पूर्ण करें। इस बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अनुरागसिंह, पीआईयू के श्री जे.के. मीणा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के महाप्रबंधक श्री आर.के. तोमर, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री पी.के. खरत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री पी.के. गोगादे, सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ श्री आर.के. गुप्ता, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के श्री मुले, आरईएस के कार्यपालन यंत्री श्री धनोतिया आदि उपस्थित थे। समीक्षा में बताया गया कि पीआईयू द्वारा बाजना कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है जो जनवरी तक पूरा हो जाएगा। आलोट कालेज के 6 कक्ष भी इसी माह पूर्ण कर ले जाएंगे। गर्ल्स कॉलेज रतलाम के अतिरिक्त कक्षों, सभागृह का पुनर्निर्माण भी पीआईयू कर रहा है। इसके अलावा स्कूलों, स्वास्थ्य संस्थाओं में भी पीआईयू द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने कार्यों की गति तेज करने के निर्देश दिए। विगत बैठकों में कलेक्टर द्वारा पीआईयू के कार्यों को समय सीमा निश्चित की गई थी परंतु इस बार समीक्षा में कलेक्टर द्वारा पाया गया कि पीआईयू द्वारा अपने स्तर से ही कार्यों की समय सीमा और आगे बढ़ा दी गई। इस पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की और कहा कि काम को पूर्व निर्धारित समय पर पूरा करना होगा। इसके लिए ठेकेदार की सतत मॉनिटरिंग करें। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा भी की गई। विभाग द्वारा अधिकांश सड़कों का निर्माण समय सीमा में किया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड द्वारा 6 आंगनवाड़ियों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने 3 महीने में काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा हाउसिंग बोर्ड द्वारा आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में रिनोवेशन कार्य किया जा रहा है। आलोट में बालक छात्रावास का निर्माण कर रहे हैं। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि लेबड़-जावरा हाईवे पर इंदौर की ओर जाने वाली साइड में सड़क खराब हो चुकी है। इस ओर का लगभग 65 किलोमीटर का पेच खराब है जबकि निर्माण कंपनी को टोल राशि प्राप्त होती है। इस संबंध में कलेक्टर ने विकास निगम के श्री मुले को निर्देशित किया कि कलेक्टर की ओर से सड़क विकास निगम के एमडी को पत्र लिखा जाए ताकि हाईवे का मरम्मत कार्य हो सके।

बैठक में सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ श्री गुप्ता द्वारा सुभाष नगर रतलाम के रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के संबंध में जानकारी दी गई। बताया कि सेतु निर्माण विभाग द्वारा दोनों ओर लगभग 600 मीटर लंबाई में पुल का निर्माण किया जा रहा है। अभी 14 मकानों का मुआवजा दिया जाना बाकी है जिसकी सूची एसडीएम को उपलब्ध कराई गई है।

कलेक्टर द्वारा जल संसाधन विभाग की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि विभाग की 16 योजनाएं स्वीकृत है जिन पर कार्य किया जाना है। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा सोमवार को की जाएगी जिसमें विभाग के एसडीओ सहायक यंत्री और उपयंत्री भी उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक सोमवार को शाम 4:00 बजे आयोजित की जाएगी। स्वतंत्र

स्वतंत्र तेलंग २०/१२/२१

**वैक्सीनेशन** • दिसंबर में 100% वैक्सीनेटेड करना है जिला, रतलाम और जावरा में पहले डोज का 100% वैक्सीनेशन, शहर टोटल वैक्सीनेटेड

# दूसरा डोज पूरा होने से हमारा जिला 6.54 प्रतिशत ही दूर... बड़ी चुनौती ये कि पहला डोज भी 4.32 प्रतिशत लोगों ने नहीं लगवाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम आए सीएम शिवराजसिंह चौहान रतलाम शहर के 100% वैक्सीनेटेड होने की घोषणा कर गए हैं.. लेकिन इसके साथ वे जिले का भी 100% वैक्सीनेशन दिसंबर में पूरा होने की उम्मीद जता गए थे, जमीनी स्तर पर ऐसा होना अभी मुश्किल है, क्योंकि यूं तो दूसरे डोज का वैक्सीनेशन जिले में 93.46% हो गया है, लेकिन पहला डोज भी सभी लोगों को नहीं लगा है। जी हां, अब तक जिले में पहले डोज का वैक्सीनेशन 95.68% हुआ है, यानी, 4.32% लोग ऐसे हैं, जिन्होंने पहला डोज नहीं लगवाया है।




कोरोना से जंग में वैक्सीनेशन सबसे अहम है। ओमिक्रॉन को लेकर अलर्ट है। ऐसे में प्रशासन का फोकस वैक्सीनेशन पर ज्यादा है। रतलाम आए सीएम शिवराजसिंह चौहान नें दिसंबर में ही प्रदेश में दूसरे डोज का वैक्सीनेशन पूरा करने की उम्मीद जताई है। इधर, हमारे शहर में यह काम मुश्किल दिख रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि दूसरे डोज के साथ पहले डोज का वैक्सीनेशन अहम है। जिले में अभी पहले डोज का वैक्सीनेशन सिर्फ रतलाम में 107.87% और 102.67% हुआ है। बाजना के हाल सबसे खराब है क्योंकि वहां 1.24 लाख लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य लिया था, लेकिन अब तक 96 हजार को ही पहला डोज लगा।

## ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जा रहीं टीमें, सख्ती भी होने लगी

इधर, प्रशासन का पूरा फोकस ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को 100% वैक्सीनेटेड करने का है। इसके लिए घर-घर टीमें जा रही है। आने वाले महाअभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीनेटेड करना है, इसके लिए माइक्रो प्लानिंग बनना शुरू हो गई है। रतलाम शहर में सख्ती के दम पर 100% वैक्सीनेशन का लक्ष्य हासिल किया हैं। ऐसे में ग्रामीण में इसी पर फोकस है। नामली में भविष्य में सरकारी योजनाओं से वंचित करने और राशन-पेंशन बंद करने की चेतावनी दे रहे हैं।

## रतलाम ग्रामीण और जावरा दूसरा डोज पूरा होने के करीब

इधर, जिले में रतलाम ग्रामीण और जावरा दूसरा डोज पूरा होने के करीब है। रतलाम ग्रामीण में 1.90 लाख लोगों को वैक्सीनेशन का दूसरा डोज लगना है, इनमें से 1.82 लाख लोग दूसरा टीका लगवा चुके हैं। जावरा में 1.83 लाख लोगों को दूसरा टीका लगना है, इनमें से 1.77 लाख लोग वैक्सीनेटेड हो चुके हैं।

## जानिए, जिले में अभी कहां-कितना वैक्सीनेशन

| ब्लॉक | पहला डोज | दूसरा डोज |
|---|---|---|
| आलोट | 94.99 | 94.35 |
| बाजना | 77.84 | 75.05 |
| जावरा | 102.67 | 96.60 |
| पिपलौदा | 83.18 | 92.34 |
| सैलाना | 94.66 | 86.17 |
| ग्रामीण | 93.93 | 95.67 |
| शहर | 107.87 | 102.20 |

## जिले को जल्द वैक्सीनेट किया जाएगा

*शहर 100% वैक्सीनेटेड हो चुका है। अब जिले को जल्द वैक्सीनेटेड कर लिया जाएगा। इसके लिए हमारी टीम काम कर रही है, माइक्रो प्लान तैयार हो रहे हैं। लोगों से भी अनुरोध है कि वह दूसरा टीका लगवाने में देरी ना करें।* **कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर, रतलाम

भास्कर

द. भास्कर 20/12/21

# जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

रतलाम। जिले में जनगणना 2021 के कार्यो गतिविधियों के विचारों एवं सफल संचालन तथा प्रशिक्षण के दृष्टिगत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है।

गठित समिति के अध्यक्ष कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम होंगे। इसके संयोजक जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य रहेंगे। समिति के सदस्यों में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम सोमनाथ झारिया, जिले के सभी एसडीएम, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे। समिति में मास्टर ट्रेनर्स प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण परवाल तथा प्राध्यापक डॉ. विनोद शर्मा भी सदस्य रूप में रहेंगे। प्रसारण

प्रसारण २०/१२/२१

# जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में जनगणना 2021 के कार्यों गतिविधियों के विचारों एवं सफल संचालन तथा प्रशिक्षण को देखते हुए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है। गठित समिति के अध्यक्ष कलेक्टर स्वयं होंगे। इसके संयोजक जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य रहेंगे।

समिति के सदस्यों में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम सोमनाथ झारिया, जिले के सभी एसडीएम, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे। समिति में मास्टर ट्रेनर्स प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण परवाल तथा प्राध्यापक डॉ. विनोद शर्मा भी सदस्य रूप में रहेंगे। पत्रिका

पत्रिका २०/१२/२१

# जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

रतलाम। जिले में जनगणना 2021 के सफल संचालन तथा प्रशिक्षण के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है। अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। संयोजक जिला जनगणना अधिकारी व अपर कलेक्टर एमएल आर्य रहेंगे। समिति के सदस्यों में एसपी गौरव तिवारी, निगमायुक्त व प्रमुख जनगणना अधिकारी सोमनाथ झारिया, जिले के सभी एसडीएम, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे। समिति में मास्टर ट्रेनर्स प्राध्यापक डा. लक्ष्मण परवाल तथा प्राध्यापक डा. विनोद शर्मा भी सदस्य रहेंगे। नई.

नईदुनिया २०/१२/२

# जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन

रतलाम | जिले में जनगणना 2021 के काम गतिविधियों के संचालन और प्रशिक्षण को देखते हुए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है। गठित समिति अध्यक्ष कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम होंगे। इसके संयोजक जिला जनगणना अधिकारी व अपर कलेक्टर एमएल आर्य रहेंगे। समिति के सदस्यों में एसपी गौरव तिवारी, आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम सोमनाथ झारिया, जिले के सभी एसडीएम, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे। समिति में मास्टर ट्रेनर्स प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण परवाल तथा प्राध्यापक डॉ. विनोद शर्मा भी सदस्य रहेंगे। भास्कर

दै. भास्कर २०/१२/२१

# मांग पूरी नहीं हुई, आज देंगे सात दिन की चेतावनी, बंद होगी सफाई

रतलाम. नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के सदस्यों को अक्टूबर माह में निगम के अधिकारियों ने बैठक करके मांग मंजूर करने का आश्वासन दिया था, तब से अब तक सदस्य इंतजार ही कर रहे हैं कि उनकी मांग पर सुनवाई हो। अब सदस्य मंगलवार को सात दिन की समय - सीमा का चेतावनी पत्र देंगे व तब भी सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन की शुरुआत करते हुए सफाई बंद करेंगे। समिति के पदाधिकारी राम कल्याणे, संजय पैमाल, विजय खरे, कमल शिंदे, कमल भार्टी आदि ने बताया 28 अगस्त को निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के साथ बैठक में कई निर्णय पारित हुए थे। इसके बाद 30 अक्टूबर को तरणताल में हुई बैठक में निगम आयुक्त व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक हुई थी। इस दौरान विभिन्न मांग को लेकर सभी पक्ष की सहमति बनी थी। तब से अब तक नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाले करीब 450 कर्मचारी नियमितिकरण व विनियमितिकरण की मांग के पूरे होने का इंतजार कर रहे हैं। इससे कर्मचारियों को आर्थिक रुप से नुकसान हो रहा है। अब कर्मचारी संघर्ष समिति सोमवार को आयुक्त व निगम प्रशासक को ज्ञापन देकर इन लंबित मांग को याद दिलाएगी। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार चेतावनी पत्र में साफ लिखा गया है कि एक सप्ताह में मांग पर सुनवाई नहीं हुई तो सफाई बंद करके हड़ताल कर दी जाएगी।

पत्रिका २०/१२/२१



# निगम हुआ हाईटेक : झोन प्रभारी व वार्ड दरोगा को मिले वायरलैस वॉकी-टॉकी

रतलाम। नगर निगम अब हाईटेक हो गया हैं। झोन प्रभारी और वार्ड दरोगा को नगर निगम ने वायरैलस वॉकी-टॉकी प्रदान किया हैं।

**▶ निगमायुक्त झारिया निगम सभागृह में किया वॉकी-टॉकी का वितरण**

नगर की सफाई व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने तथा सफाई संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के उद्देश्य से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के झोन प्रभारी व 49 वार्ड दरोगाओं को वॉयर लैस वॉकी टॉकी से लैस किया। निगम सभागृह में वॉयर लैस वॉकी-टॉकी झोन प्रभारी व वार्ड दरोगाओं को प्रदान किये जाने के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने वॉकी-टॉकी उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि वॉकी-टॉकी का उपयोग स्वंय करें अन्य किसी व्यक्ति या घर का कोई भी सदस्य इसका उपयोग नहीं करेगा। वॉकी-टॉकी को 24 घन्टे चालू अवस्था में रखना अनिवार्य होगा इसके अलावा लम्बी छुट्टी जाने पर वॉकी टॉकी को निगम कार्यालय में जमा कराना होगा। उन्होने कहा कि सभी को अलग-अलग नम्बर के वॉकी-टॉकी प्रदान किये गये है इसलिये एक दूसरे से बदले नहीं इसका विशेष ध्यान रखा जाये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि निगम के झोन प्रभारी व वार्ड दरोगाओ के वायरलैस वॉकी-टॉकी से लैस होने पर सफाई कार्य पर नियंत्रण होकर प्रतिदिन होने वाले सफाई कार्य की जानकारी प्राप्त होकर कार्य त्वरित गति से होगा साथ ही सफाई संबंधित षिकायत प्राप्त होने पर षिकायत का तत्काल निराकरण किया जा सकेगा।

## यह रहे मौजूद

उक्त अवसर पर उपायुक्त कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एसपी आचार्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी, निज सहायक सुभाष गोयल, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

नवभारत

नवभारत २०/१२/२१

# शहर में रेंडम सैंपलिंग, 200 से ज्यादा लोग विदेश से आ चुके हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

ओमिक्रॉन को लेकर अलर्ट है। शहर और गांव में रेंडम सैंपलिंग हो रही है। जिससे संक्रमण की स्थिति का पता चल सकें। इधर, अब तक विदेश से 200 से ज्यादा लोग आ चुके हैं।

जिले में 1 एक्टिव केस है। 14 दिसंबर को एक युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी। अब युवक पूरी तरह स्वस्थ महसूस कर रहा है। इधर, पॉजिटिव मिलने के साथ ही कोरोना को लेकर सख्ती होने लगी है। जिले में प्रतिदिन 1200 लोगों के सैंपल लिए जा रहे हैं। रेंडम सैंपलिंग शुरू कर दी है, रास्ते में लोगों के सैंपल ले रहे हैं। डॉ. गौरव बोरीवाल ने बताया रेंडम सैंपलिंग से संक्रमण पता चलता है। राहत की बात यह है कि जो युवक पॉजिटिव आया था, उनके पूरे परिवार की रिपोर्ट निगेटिव मिली है।

## 7 दिन बाद फिर आरटीपीसीआर

इधर, शहर में 200 से ज्यादा लोग विदेश से आ चुके हैं। उन्हें आइसोलेट किया जा रहा है। आइसोलेशन में 7 दिन बाद दोबारा आरटीपीसीआर जांच की जाएगी। विदेश से आने वाले लोगों के घरों को माइक्रो कंटेनमेंट बनाया जा रहा है। जिले में कुल 17508 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। 311 लोगों ने कोरोना के कारण दम तोड़ा है।

**जिनोम सिक्वेंसिंग की रिपोर्ट आने में 7 दिन लग सकते हैं :** जिले में पॉजिटिव मिले युवक का सैंपल जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए दिल्ली भेजा है। इसकी रिपोर्ट आने में 7 दिन लग सकते हैं। हालांकि, ज्यादा रिपोर्ट पेंडिंग [illegible]ने से अन्य जिलों की रिपोर्ट मिल[illegible]ें 10 से 15 दिन भी लग रहे हैं।

भास्कर

दै. भास्कर 20/12/21

# धोलावड़ में अब वैली क्रासिंग भी कर सकेंगे पर्यटक

## ईको टूरिज्म पार्क में किए इंतजाम, वर्तमान में एक मोटर बोट उपलब्ध



धोलावड़ ईको टूरिज्म पार्क में पर्यटकों के लिए वैली क्रासिंग की व्यवस्था भी की गई है। • नईदुनिया

**रतलाम।** धोलावड़ जलाशय क्षेत्र में ईको टूरिज्म पार्क में पहली बार वैली क्रासिंग की व्यवस्था की गई है। इससे यहां आने वाले पर्यटक रोमांचक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। इसके अलावा भी साहसिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया कि कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर पहली बार वैली क्रासिंग की व्यवस्था की गई है। धोलावड़ इको टूरिज्म पार्क में वर्तमान में एक मोटर बोट उपलब्ध है। एक वाटर स्कूटर भी संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा जोरबिंग बाल, बनाना राइड, तीरंदाजी, मंकी क्राल तथा साइकलिंग की गतिविधि भी संचालित की जा रही है। अब धोलावड़ की पर्यटन गतिविधियों में और इजाफा होगा। मालूम हो कि धोलावड़ में 25 दिसंबर से पर्यटन महोत्सव शुरू होने की संभावना है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। हनुमंतिया में काम कर चुकी निजी फर्म द्वारा काम संभालने से इस बार गतिविधियों में पर्यटकों की सुविधाओं पर खास ध्यान दिया जाएगा।

## मास्क नहीं लगाने वाले 34 लोगों से वसूला जुर्माना

**रतलाम।** खुले में गंदगी करने पर पाटीदार धर्मशाला लक्ष्मी नगर से 3000 रुपये, गुरुकृपा पान सेंटर, सुरेश व्यास गायत्री टाकीज से 250-250 रुपये, प्रकाश प्रजापति अशोक नगर, सोनू जैन, नियाज मोहम्मद, पंकज, संजू पोरवाल, अर्जुन घास बाजार से 100-100 रुपये, राकेश, शंभु, दर्शन, कृष्णकुमार, सोहन, संदीप लक्ष्मी नगर, बसंतीलाल, हीरालाल, राजू यादव अशोक नगर, मगनलाल मीणा, छगन यादव घास बाजार, भानुप्रताप सिंह, कमलेश लक्कड़पीठा से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल द्वारा सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा शहर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क घूमने वाले 34 व्यक्तियों से 100-100 रुपये जुर्माना वसूला गया। सभी को मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

नईदुनिया २०/१२/२१

# कोरोना से बचाव के लिए प्रोटोकाल का पालन जरूरी

**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

कोरोना पर अभी पूरी तरह से जीत नहीं हुई है, लेकिन उससे डरने की भी जरूरत नहीं है। बस अभी सावधानी रखने की जरूरत है। देशभर में टीकाकरण बहुत तेजी से हो रहा है। 18 से कम उम्र के बच्चों का टीका अभी नहीं आया है। स्कूलों को एक बार फिर आधी क्षमता के साथ खोला गया है, इसलिए स्कूली बच्चों को कोरोना से बचने के लिए प्रोटोकाल का पालन करना जरूरी है।

राष्ट्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी संचार परिषद द्वारा इस वर्ष को इयर आफ अवेयरनेस इन साइंस एंड हेल्थ के रूप में घोषित है। इसके अंतर्गत किशोरिका संस्था द्वारा रतलाम के अनेक ग्रामों के स्कूली बच्चों को कोरोना प्रोटोकाल के पालन की आवश्यकता को प्रेक्टिकल करते हुए समझाया गया। बच्चों ने स्वयं प्रेक्टिकल आधारित कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए मास्क की आवश्यकता, उसे लगाने के सही तरीके को भी समझा और प्रयोगों के माध्यम से अन्यं बच्चों को भी समझाया। विभिन्न प्रयोगों के अंतर्गत मास्क की महिमा, सैनिटाइजिंग-हैंड वाशिंग और शारीरिक दूरी को लाइव प्रदर्शित किया गया। इसी प्रकार एटीएम आदि आवश्यक स्थानों पर छूने से वायरस के हाथों में लगने की संभावना को भी प्रदर्शित किया गया। साथ ही एक सब्जी बेचने वाला यदि संक्रमित है और उसने थोड़ी देर पहले ही छींका है तो किस प्रकार वायरस उसके सामने रखी हुई सब्जियों पर रह सकता है और ऐसी स्थिति में यदि हम सब्जी लेने बिना मास्क लगाए जाते हैं और सब्जी आदि को उठाकर सूंघते हैं तो किस प्रकार से वायरस हमारी नाक के रस्ते फेंफड़ों में पहुंच कर बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। वर्तमान में नए वैरिएंट ओमिक्रोन की भी चर्चा है, जिसकी संक्रमण क्षमता बहुत अधिक है। उससे निपटने के लिए भी सावधानी बरतने की जरूरत है। विभिन्न देशों में इसने फैलना शुरू कर दिया है, इसलिए भारत में भी सचेत रहते हुए सुरक्षा की दृष्टि से कोरोना प्रोटोकाल की तीनों बातों मास्क लगाना, बार-बार हाथ धोना और शारीरिक दूरी का ध्यान रखना है। अभी 18 साल से कम उम्र के बच्चों के टीके नहीं आए हैं और कई लोगों ने अभी दूसरा टीका भी नहीं लगवाया है, इसलिए देश में इसी वर्ष दूसरी लहर ने किस प्रकार से कहर मचाया था, उसे नहीं भूलना है। बच्चों ने आश्वस्त किया कि वो खुद भी बचेंगे और अपने परिवार व समाज को भी बचाने में मदद करेंगे।

प्रसारण २०/१२/२१

# सुशासन दिवस 24 दिसम्बर को मनाया जाएगा

रतलाम । पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 24 दिसम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी।

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों को छोड़कर शेष पदों के लिए जारी रहेगी निर्वाचन प्रक्रिया

रतलाम। /आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग श्री बसंत प्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2021-22 के लिए जारी कार्यक्रम के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पंच, सरपंच, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सदस्य के पदों की निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार अन्य पदों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगी।

श्री सिंह ने कहा है कि आज सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर विचार के लिए अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में के. कृष्णमूर्ति एवं विकास किशन राव गवली प्रकरण में दिए गए निर्णय का भी अध्ययन किया गया। श्री सिंह ने बताया कि राज्य सरकार को पत्र लिख रहे हैं कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों के संबंध में रि-नोटिफाई करने की कार्यवाई एक सप्ताह में कर आयोग को सूचित करें, जिससे इन स्थानों पर यथाशीघ्र निर्वाचन करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि आरक्षण के संबंध में कार्यवाही का अधिकार राज्य सरकार को है। श्री सिंह ने कहा है कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि 17 दिसंबर 2021 तक अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा उनके लिए आरक्षित पदों के लिए जो नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किए गए हैं,

स्वतंत्र [illegible] २०/१२/२१

## सुशासन दिवस 24 को मनाया जाएगा

रतलाम ● पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 24 दिसम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी।

स्वदेश २०/१२/२१

# एक महीने में भी पूरा नहीं हुआ क्रास नाला निर्माण, देरी से लोग परेशान

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में अलग-अलग स्थानों पर चल रहे क्रास ड्रेन (नाला) निर्माण कार्य में लापरवाही से लोग परेशान हैं। रविदास चौराहे पर क्रास ड्रैन कार्य में बड़े पाइप डालने से सड़क से नाला ऊंचा होने से आवागमन बाधित होने पर निर्माण तोड़कर फिर से छोटे पाइप डाले जा रहे हैं। इधर हरदेवलाला की पीपली से तोपखाना रोड क्षेत्र में निर्माण एक माह में भी पूरा नहीं हो पाया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व वरिष्ठ पार्षद व क्षेत्र के रहवासी राकेश झालानी ने कलेक्टर व निगमायुक्त से अधूरे निर्माण को जल्द पूरा करवाने की मांग की है।



हरदेवलाला की पीपली से तोपखाना रोड क्षेत्र में अधूरा पड़ा निर्माण। • नईदुनिया

झालानी ने कलेक्टर को अवगत कराया कि इस क्षेत्र में सीवरेज निर्माण के दौरान क्रास-नाला क्षति ग्रस्त होने से नालियों की गंदगी मुख्य मार्ग पर बहने से रोकने के लिए नवीन क्रास-नाली पुलिया स्वीकृत करवाई गई। गत एक माह से अधिक समय से नगर-निगम अधिकारियों और ठेकेदार द्वारा लापरवाही करते हुए धीमी गति से काम किया जा रहा है। कतिपय लोगों द्वारा राजनीतिक श्रेय लेने की प्रतिद्वंद्विता में ठेकेदार को प्रभावित कर वर्तमान में निर्माण कार्य को जानबूझकर गत 2 सप्ताह से बिना किसी प्रगति के जस का तस रखा है। यह मार्ग शहर का व्यस्ततम मार्ग है और अधूरे निर्माण की वजह से वाहन चालक, आमजन परेशान हो रहे हैं। निर्माण जल्द पूरा कराया जाए। नई.

नईदुनिया 20/12/21

## मास्क नहीं लगाने वाले 52 और खुले में गंदगी करने वाले 5 को जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 18 दिसम्बर को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर केशव, विनोद, रियाज कृषि उपज मण्डी पर100, किशन, रमेश महू रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 52 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

## सुशासन दिवस 24 को मनाया जाएगा

रतलाम। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 24 दिसम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी।

## नगर निगम द्वारा सोमवार से वार्ड वार बकाया वसूली शिविरो का आयोजन

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 03 मार्च 2022तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया ं करण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विक खा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें। नवभारत

नवभारत २०/१२/२१

## खुले में गंदगी करने पर 5 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रषासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 18 दिसम्बर को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर केशव, विनोद, रियाज कृषि उपज मण्डी पर 100, किशन, रमेश महू रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 52 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए

रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, पांजरा पोल, महू रोड़ बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, चांदनी चौक सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये। प्रसारण

प्रसारण २०/१२/२१

## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाएं

स्वदेश

रतलाम ● सर्द रातों मे
नागरिकों की सुविधा को
दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त
सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसा
नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग
द्वारा बाल चिकित्सालय, जिल
चिकित्सालय, पांजरा पोल, म
रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन
कालिका माता, नगर निगम
फायर ब्रिगेड, चांदनी चौक
सहित नगर के विभिन्न
सार्वजनिक स्थल एवं चौराह
पर गत रात्रि अलावा जला
गए।

स्वदेश २०/१२

# सर्दी में धोलावड़ राइड... ईको टूरिज्म पार्क में वैली क्रॉसिंग भी शुरू, संडे मूड में पहुंचे लोग





रतलाम | धोलावड़ ईको टूरिज्म पार्क में रविवार को रौनक रही। तेज सर्दी में भी कई लोग धोलावड़ तक राइड पर निकले। पार्क में पहली बार वैली क्रॉसिंग भी शुरू की गई है। इसके साथ किसी ने मोटर बोट, बनाना राइड तो किसी ने साइक्लिंग का आनंद लिया। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया ईको टूरिज्म पार्क पर लोग पहुंच रहे हैं। मोटर बोट, वाटर स्कूटर, जोरबिंग बॉल, बनाना राइड, तीरंदाजी, मंकी क्रॉल और साइकलिंग की गतिविधि हो रही है।

## 25 से शुरू हो सकता है महोत्सव

इधर, धोलावड़ उत्सव की शुरुआत 25 दिसंबर से हो सकती है। खास आकर्षण पर्यटकों के लिए बनाई जाने वाली टेंट सिटी रहेगी। इसके अलावा वाटर स्पोर्ट्स होंगे। निजी कंपनी के माध्यम से इंतजाम किए जाएंगे, इसके लिए टेंडर हो गए हैं।

दै. भास्कर २०/१२/२१